अमर उजाला

Bareilly News: नकली नोट गिरोह में शामिल बरेली निवासी एक और आरोपी गिरफ्तार

हल्दूचौड़/लालकुआं। नकली नोट के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को 500 के 79 नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। दबोचा गया आरोपी बरेली का रहने वाला है। अब तक इस मामले में आठ लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस के मुताबिक अभी और गिरफ्तारी होनी है, जिसमें एक सफेदपोश नेता भी शामिल बताया जा रहा है।

बता दें कि इलाके में नकली नोटों का कारोबार करने वाले लालकुआं निवासी सुनार शिवम वर्मा को पुलिस ने पांच सौ रुपये के 18 नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस की जांच में नकली नोट का नेटवर्क पश्चिम बंगाल में होने की बात सामने आई। बीते सोमवार को पुलिस ने गैंग का खुलासा करते हुए छह अन्य लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/bareilly/another-accused-resident-of-bareilly-involved-in-fake-currency-gang-arrested-bareilly-news-c-4-knp1006-502780-2024-10-16